दिनांकः 14.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान गए उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल का दौरा सम्पन्न–उद्यमियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- केन्द्र ने गेहूं की कीमत में बढ़ोतरी और जमाखोरी रोकने के लिए भंडारण की सीमा में किया संशोधन।
- हिन्दी दिवस पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- राज्य में भारी बारिश का दौर धीमा पड़ा–पानी उतरने से स्थिति में सुधार।

.....................

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने कल जापान के ओसाका में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों से वार्ता की। दो देशों की यात्रा पर गए प्रतिनिधि मंडल ने दौरे के अंतिम दिन जापानी कंपनियों डाइकिन और एनआईडीईसी कॉरपोरेशन के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उद्यमियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रति विश्वास जताने के लिए जापानी निवेशकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कम्पनियों से भारत और जापान के बीच मौजूदा साझेदारी को और मजबूत बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि नीमराणा के जापानी निवेश क्षेत्र में लगभग 50 जापानी कम्पनियां अपना व्यापार कर रही हैं। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य में आसान और व्यापार के प्रति बेहतर माहौल के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में एमएसएमई नीति, 'एक जिला एक उत्पाद' नीति, डेटा सेंटर नीति जैसी कई नए निवेशक–अनुकूल नीतियों को शुरू किया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने डाइकिन कम्पनी के टेक्नीकल इन्नोवेशन सेंटर को देखा और जापान में बसे अनिवासी राजस्थानी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने अनिवासी राजस्थानियों से प्रदेश और जापान के बीच सेतु की भूमिका निभाने का अनुरोध किया। इस बीच, 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के बारे में बात करते हुए, ओसाका–कोबे में भारत के महावाणिज्यदूत चंद्रू अप्पार ने कहा कि वे राजस्थान सरकार के रोड शो को मिले जबरदस्त समर्थन को देखकर खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि प्रदेश में निवेश के लिए जापानी उद्यमी आगे आएंगे।
गौरतलब है कि दो देशों की यात्रा पर गए उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण कोरिया और जापान के शहरों में इन्वेस्टर मीट, रोड शो और आउटरीच कार्यक्रम के जरिए विभिन्न कम्पनियों को दिसम्बर महीने में जयपुर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेस्मेंट समिट के लिए आमंत्रित किया है।

.....................

प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाईयां देने और घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जयपुर में कल से राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट का चौथा संस्करण शुरू हुआ। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित मार्ट का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राजस्थान में जल्द ही नई पर्यटन नीति लाएगी। राजस्थान पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में पर्यटन व्यवसायी के अलावा इस क्षेत्र से जुड़ी कम्पनियों की ओर से दो सौ से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं।

.....................

केंद्र ने गेहूं की कीमत में बढोतरी और जमाखोरी को रोकने के लिए व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करण करने वालों के लिए भंडारण की सीमा संशोधित की है। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले तथा खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वक्तव्य में कहा कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं भंडारण सीमा अब तीन की जगह दो हजार मिट्रिक टन होगी। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सभी गेहूं भंडारण से जुडी कम्पनियों को गेहूं भंडारण सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति अपडेट करनी होगी।
इस बीच, सरकार ने प्याज निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य सीमा को समाप्त कर दिया है। न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाने से भारतीय किसान वैश्विक बाजार की स्थितियों का लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनके निर्यात के अवसर बढ़ेंगे और घरेलू कीमतें स्थिर होने में मदद मिलेगी।

.....................

आज हिन्दी दिवस है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस सिलसिले में हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार और दैनिक जीवन में इसके अधिक से अधिक प्रयोग के लिए हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है।
इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।
हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम रखे गए हैं। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज सभागार में किया जाएगा। भाषा और पुस्तकालय विभाग की ओर से आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी होंगी।
विभाग के निदेशक मनीष गोयल ने बताया कि इस वर्ष से लेखन की दस विधाओं में **हिन्दी सेवा पुरस्कार** दिया जाएगा। समारोह में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में हिन्दी विषय में शत–प्रतिशत अंक लाने वाले 318 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा।
हिन्दी दिवस के मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हिंदी भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति है। हिन्दी भाषा देश के स्वाभिमान की प्रतीक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी हिन्दी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी भाषा सदियों से भारतवासियों के विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त और प्रभावी माध्यम रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान हिन्दी भाषी राज्यों में अग्रणी है। ऐसे में हिन्दी के विकास का वाहक बनने का दायित्व हमारे कंधों पर अधिक आ जाता है।

.....................

जलझूलनी एकादशी के मौके पर आज प्रदेशभर में कई धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान रखे गए हैं। पवित्र सरोवरों में भगवान को नोका विहार कराया जाएगा। वहीं कई स्थानों पर मेले भी भर रहे हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि बृज क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी पर धार्मिक उल्लास का माहौल है।

.....................

सलूम्बर में इस अवसर पर राजस्थान जल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके तहत ब्लॉक और पंचायत स्तर पर जल संरक्षण के कार्यक्रम रखे जाएंगे। बालोतरा में ठाकुरजी की रेवाड़ी निकाली जाएगी। भगवान की प्रतिमाओं की आरती और पूजन कर जल विहार कराया जाएगा।
चित्तौडगढ के सांवलियाजी में जलझूलनी एकादशी पर सालाना मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में आज ठाठ बाठ के साथ सांवलिया सेठ की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

.....................

रामगढ़ से विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुबैर खान का आज निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। श्री खान पहली बार 1990 में रामगढ से विधायक चुने गए थे। वे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जुबैर खान को आज सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

.....................

प्रदेश में भारी बारिश का दौर धीमा पड़ने के बाद स्थितियों में सुधार आ रहा है। जलभराव वाले इलाकों में पानी उतरने लगा है। इससे प्रभावित लोगों को राहत मिलने लगी है। अतिवृष्टि प्रभावित धौलपुर जिले में चंबल नदी खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर बह रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके चलते एहतियातन तटिय इलाकों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।

.....................

सवाईमाधोपुर और करौली में भी कल दिनभर मौसम साफ रहने से लोगों ने राहत महसूस की। इस बीच, मौसम विभाग ने कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और जयपुर संभागों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है।

.....................